एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

ी विक्रम संवत 2083 | बरेली | शनिवार, 4 जुलाई 2026 , वा

**PAGE NO.IV :**

# पेट की चर्बी, मोटापा बीमारियों का पैकेज



परिचर्चा में शामिल डॉक्टर। ● अमृत विचार

● **एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में 24 वीं वर्षगांठ पर युवा स्वास्थ्य मेला जारी**

**बरेली, अमृत विचार :** 24 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में चार दिवसीय युवा स्वास्थ्य मेला के तीसरे दिन शुक्रवार को निशुल्क जांच का लाभ उठाने वालों की संख्या 3.5 हजार से ज्यादा पहुंच गई।

चिकित्सकों ने मोटापे को बीमारियों का पैकेज बताया। कहा कि पेट की चर्बी कम कर ही स्वस्थ जीवन की आधारशिला रखी जा सकती है। आप्थैल्मोजी विभाग प्रमुख डा. नीलिमा मेहरोत्रा ने कहा आधुनिक जीवन शैली में सभी अंग प्रभावित हैं। आंखों का सबसे बड़ा दुश्मन मोबाइल है। ईएनटी स्पेशलिस्ट डा.अम्बालिका सिंह ने इयरफोन लगाकर लगातार मोबाइल के इस्तेमाल पर चेतावनी दी। गायनेकोलॉजिस्ट डा. कनीज फातिमा, मनोरोग विशेषज्ञ डा. रूपाली रोहतगी, फिजीशियन डा. दीपक दास , फिजियोथेरेपिस्ट डा.शिवांग चौधरी ने भी उपयोगी सलाह दीं।